दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नई भर्तियों के लिए इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. अहमदाबाद विमान हादसे की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट जारी। दुर्घटना का कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दोनों इंजन में ईंधन आपूर्ति बंद होना बताया गया।

03. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज और कल मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन।

04. और, अन्तरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने राजगीर हॉकी मैदान को मानकों के आधार पर खरा घोषित किया। तीन साल के लिए मैच आयोजन की दी अनुमति।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम सरकार के रोजगार मेला अभियान का हिस्सा है।

———बाइट———

16वां रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केन्द्र सरकार के अनेक मंत्रालयों और अनेक विभागों के लिए भर्तियां हो रही है। नई भर्ती के लिए देशभर से चुने गए लोग गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा डाक विभाग और अन्य विभागों में नियुक्त किये जाएंगे। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला युवाओं के सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

---

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो–ए.ए.आई.बी. ने पिछले महीने अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में पन्द्रह पन्नों की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट कल जारी कर दी। इस दुर्घटना में दो सौ साठ लोगों की मौत हो गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनाक्रम और एयर इंडिया के बोइंग सात सौ सत्तासी विमान ए.आई.–एक सौ इकहत्तर की ईंजन की स्थिति की जांच की गई। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया अभियान के दूसरे चरण में बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करने के लिए बीस जुलाई से फिर घर–घर जायेंगे। आयोग के अनुसार आज और कल मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जहां मतदाता अपने गणना फॉर्म को जमा कर सकते हैं। इसके बाद मतदाता पच्चीस जुलाई तक भी फॉर्म जमा कर सकते हैं। आयोग के अनुसार एक अगस्त को प्रारूप का प्रकाशन होगा। इसके बाद दावा आपत्ति लेने का काम शुरू होगा। वहीं, अठारह वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाता और जिनका नाम प्रारूप में नहीं हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एक अगस्त से एक सितम्बर के बीच आवेदन दे सकते हैं। आवेदनों और दस्तावेजों की जांच के बाद तीस सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। इसी सूची के आधार पर बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अनुमति मिलेगी। प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग सात करोड़ नब्बे लाख मतदाताओं में से चौहत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में हर साल आने वाली बाढ़ की विभीषिका से मुक्ति के लिए व्यापक गाद प्रबंधन नीति जल्द तैयार की जायेगी। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के दौरान यह निष्कर्ष निकला कि गाद को हटाए बिना बाढ़ की समस्या का समाधान सम्भव नहीं है। गंगा नदी में कोशी, कमला, बागमती, गंडक आदि नदियों से आने वाली गाद के कारण बिहार को हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। गाद के कारण नदियों के जल वहन क्षमता में लगातार कमी आ रही है।

———————————————————————————

प्रदेश में अब निजी कंपनियां अपने सामाजिक सरोकार दायित्व के तहत जन कल्याणकारी योजनाओं में राशि खर्च कर सकेंगी। इसके लिए वित्त विभाग की ओर से बिहार राज्य कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, सीएसआर नीति, दो हजार पच्चीस से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इससे पहले राज्य कैबिनेट की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई थी। वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने पटना में

संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीएसआर सोसाइटी का गठन कर दिया गया है। इसका निबंधन भी जल्द करा लिया जाएगा।

———————————————————————

राज्य की सभी ग्राम पंचायतों के आरटीपीएस केन्द्रों पर अब लोगों को पैंसठ प्रकार की सेवाएं मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार नई सेवाओं में कृषि, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण, परिवहन, योजना विकास, राजस्व और भूमि सुधार, शिक्षा तथा समाज कल्याण विभाग से जुड़ी सेवाएं शामिल की गयी है। इसके पूर्व इन केन्द्रों पर लोगों को बीस प्रकार की सेवाएं ही मिल रही थी।

———————————————————————

अन्तरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने राजगीर के हॉकी मैदान को अन्तरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खरा घोषित किया है। महासंघ ने हॉकी मैदान को तीन साल के लिए गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया है। यह प्रमाण पत्र दस जून दो हजार अट्ठाईस तक मान्य होगा। प्रमाण पत्र मिलने के साथ ही इस मैदान पर सभी स्तर के अन्तरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन किया जा सकेगा।

———————————————————————

इधर, जमुई में खेली जा रही जूनियर स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता में कल पश्चिम चम्पारण और खगड़िया के बीच फाईनल मुकाबला खेला जायेगा। इससे पहले सेमीफाईनल में खगड़िया ने रोहतास को शून्य के मुकाबले दो और पश्चिम चम्पारण ने मुंगेर को एक के मुकाबले पांच गोलों से पराजित कर फाईनल में जगह बनाई है।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री सह कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में संचालित सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी ली। श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक में सदस्यों ने भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस–वे निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा अधिगृहीत की गई भूमि का उचित मुआवजा देने की मांग की।

———————————————————————

सावन माह का आज दूसरा दिन है। बड़ी संख्या में कांवड़ियां सुलतानगंज स्थित गंगा तट पर जल उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदेश के प्रमुख शिवधाम में भी भक्तों की भीड़ जुटने लगी है। इधर, रोहतास जिले में गुप्ताधाम मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण जिला प्रशासन ने सावन के प्रत्येक रविवार और सोमवार को चार पहिया

वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह प्रतिबंध दुर्गावती डैम चेक नाका से आगे तक लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि बादलगढ़ से गुप्ताधाम तक का मार्ग वन क्षेत्र में आता है, ऐसे में पर्यटकों की सुविधा, वन्यजीवों की सुरक्षा और किसी भी संभावित अप्रिय घटना से बचाव के लिए यह निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

निगरानी की टीम ने सहरसा जिले के पतरघट के अंचलाधिकारी राकेश कुमार और कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को बीस हजार रूपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अंचलाधिकारी पर जमीन की दाखिल–खारिज के एवज में पंचास हजार रूपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

———————————————————————

राज्य पुलिस मुख्यालय ने जल्द ही अवकाश प्राप्त करने वाले चार सौ ग्यारह पुलिस कर्मियों के ऐच्छिक तबादले को मंजूरी दे दी है।

———————————————————————

अररिया की एक अदालत ने पोक्सो एक्ट के तहत एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद शोएब को बीस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इधर, मधुबनी जिले की एक अदालत ने ग्यारह वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में दो दोषियों अशोक यादव और राम उदगार ठाकुर को उम्रकैद की सजा सुनाई।

———————————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने चार किशोरों को चोरी की मोटरसाईकिल खरीद–बिक्री करते हुये गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर नौ मोटरसाईकिल बरामद की गयी है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के खोदावंदपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मोकरी चौक पर वाहन जांच के दौरान एक सौ इकहत्तर किलो से अधिक गांजे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा नगर के रत्नमाला स्थित गंडक नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो सगे नाबालिग भाईयों की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से हादसे के दौरान तीन अन्य बच्चों को बचा लिया। वहीं, मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड के गंगा पार झौवाबाहियार पंचायत के बुढ़वा गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से दो बहनों की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– सूबे के पैंतालीस प्रतिशत किशोर युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता नहीं। पिछले पांच वर्षों में दस प्रतिशत कम हुई है बिहार के युवाओं और किशोरों की नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– प्रदेश में प्रति परिवार सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने की तैयारी। वित्त विभाग ने दी ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव पर सहमति।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– हमारे प्रयासों से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

प्रभात खबर की सुर्खी है– केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी। आज अखबार ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर लिखा है– पचहत्तर साल में राजनेताओं को रिटायर हो जाना चाहिए। राष्ट्रीय सहारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी खबर पर लिखता है– एक करोड़ ग्यारह लाख लाभार्थियों के खाते में गये एक हजार दो सौ सत्ताईस करोड़।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नई भर्तियों के लिए इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. अहमदाबाद विमान हादसे की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट जारी। दुर्घटना का कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दोनों इंजन में ईंधन आपूर्ति बंद होना बताया गया।

03. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज और कल मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन।

04. और, अन्तरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने राजगीर हॉकी मैदान को मानकों के आधार पर खरा घोषित किया। तीन साल के लिए मैच आयोजन की दी अनुमति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।